## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक राजवीर यादव (निबंधन संख्या–2210564 श्रेणी–द्वितीय) At-Baghour, Tola-Bareta, P.O-Main Gram, P.S-Mahishi, Dist-Saharsa के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3601 दिनांक 01.04.2025 द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 30.05.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

20/06/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता राजवीर यादव पताः–At-Baghour, Tola-Bareta, P/O-Maina Gram, P.S-Mahishi, Dist-Saharsa एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, सहरसा के अधीन MMGSY (SC) योजनान्तर्गत महिषी बार्डर से ढूठा तक पथ निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्याः– 07SBD/MMGSY/2018-19) एकरारित अवधि के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 02.06.2018 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 01.03.2019 थी।

संदर्भित पथ निर्माण कार्य में एकरारित अवधि में पूरा नही करने एवं वर्ष 2019 में WBM Gr-III का कार्य कराये बिना 36.98 लाख का अवैद्य भुगतान पाने तथा उक्त कार्य अप्रैल/मई 2022 में कराने संबंधी प्रमाणित पाये गये आरोपों के आलोक में संवेदक राजवीर यादव (निबंधन संख्या–2210564 श्रेणी–द्वितीय) At-Baghour, Tola-Bareta, P.O-Maina Gram, P.S-Mahishi, Dist-Saharsa के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3601 दिनांक 01.04.2025 द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उल्लेखनीय है कि निगरानी प्रशाखा द्वारा उपलब्ध कराये गये जॉच प्रतिवेदन में अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन कोषांग, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019 में WBM Gr-III का कार्य कराये बिना ही 36.98 लाख रूपये का अवैद्य भुगतान संवेदक को किया गया जबकि उक्त कार्य अप्रैल/मई 2022 में कराया गया है। उक्त पथ के निर्माण कार्य हेतु WBM Gr-III का कार्य कराये बिना 37.00 लाख भुगतान करने संबंधी परिवाद 08.03.2022 की जॉच हेतु अप्रैल, 2022 में PQM को निदेशित किया गया। परिवाद दायर होने के उपरान्त अप्रैल/मई, 2022 में WBM Gr-III का कार्य कराया गया। यदि मामला परिवाद के माध्यम से मुख्यालय के संज्ञान में नहीं आता तथा इसकी जॉच मुख्यालय स्तर से कार्रवाई कर नहीं की जाती तो उक्त राशि का गबन किये जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बिना कार्य कराये/किये भुगतान करना/भुगतान पाना वित्तीय अनियमितता है।

एकरारनामा के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा निर्धारित समयसीमा/एकरारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया था तथा अप्रैल, 2020 तक MIS पर उक्त कार्य का भौतिक उपलब्धि GSB कार्य तक ही थी।

विभागीय पत्रांक 4475 अनु0 दिनांक 07.08.2024, पत्रांक 5739 दिनांक 25.09.2024 एवं पत्रांक 8271 दिनांक 16.12.2024 के आलोक में स्पष्टीकरण समर्पित कराने हेतु संवेदक राजवीर यादव (निबंधन संख्या–2210564 श्रेणी–द्वितीय) को निदेशित किये जाने के बाद भी 06 महीने से अधिक समय में उनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। तद्नुसार संवेदक के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3601 दिनांक 01.04.2025 द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) कर दिया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन में यह उल्लेख किया गया है कि वे जॉन्डिस तथा हृदय रोग से ग्रसित थे तथा इसी बीच उनके पिताजी का दिनांक 28.03.2025 को देहान्त हो जाने के कारण स्पष्टीकरण समर्पित नहीं कर पाये।

संदर्भित पथ का निर्माण कार्य दिनांक 01.06.2022 को पूर्ण कर दिया गया है साथ ही पथ का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष का अनुरक्षण कार्य इनके द्वारा पूर्ण कर दिया गया है एवं चतुर्थ वर्ष का अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है।

उक्त के आलोक में किये गये कालीकरण (Blacklist) आदेश को निरस्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019 में बाढ़ आ जाने के कारण उक्त पथ पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी प्रविष्टि दिनांक 31.07.2019 को एम0आई0एस0 पर की गयी। जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा द्वारा भी की गयी।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर संवेदक राजवीर यादव (निबंधन संख्या–2210564 श्रेणी–द्वितीय) At-Baghour, Tola-Bareta, P.O-Maina Gram, P.S-Mahishi, Dist-Saharsa को 03 (तीन) वर्षो के लिए किये गये कालीकरण सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3601 दिनांक 01.04.2025 को आज की तिथि से निरस्त (Set aside) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

निबंधित

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक 27.6.25

प्रतिलिपिः– संवेदक राजवीर यादव At-Baghour, Tola-Bareta, P.O-Main Gram, P.S-Mahishi, Dist-Saharsa पिन कोड–852216 को सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक– 27.6.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव

P.T.O

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक– 27.6.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्य ककार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.06.2025

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक– 27.6.25

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी (डीबार एवं काली सूची) ग्रामीण कार्य विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यककार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.06.2025

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक– 27.6.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26.06.2025

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–51/2025 6802 /पटना, दिनांक– 27.6.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.06.2025

सरकार के अवर सचिव